प्रदर्शन

अगर 15 दिन में सुधार नहीं हुआ तो आंदोलन करेंगे

पीएम एक्सीलेंस कॉलेज में टॉयलेट नहीं, वाटर फिल्टर बंद

नवभारत, बालाघाट। बालाघाट के नामी सरकारी जटाशंकर त्रिवेदी कॉलेज (एक्सीलेंस कॉलेज) में छात्र-छात्राओं को बुनियादी सुविधाओं के लिए तरसना पड़ रहा है। कहने को तो यह 'एक्सीलेंस' कॉलेज है, लेकिन यहां पीने के साफ पानी से लेकर टॉयलेट तक की भारी कमी है।

इन समस्याओं को लेकर शुक्रवार को अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद के कार्यकर्ताओं ने कॉलेज में जमकर विरोध-प्रदर्शन किया और प्रिंसिपल को अपनी मांगों का लेटर सौंपा।

एबीवीपी के जिला संयोजक आदित्य अग्रवाल ने बताया कि कॉलेज की पहली मंजिल पर एक भी टॉयलेट नहीं है, जिसकी वजह से छात्र-छात्राओं को बहुत परेशानी होती है। यही नहीं, कॉलेज में प्यास बुझाने के लिए 6 वाटर फिल्टर तो लगे हैं, लेकिन उनमें से 4 लंबे समय से बंद पड़े हैं।

कॉलेज में दूर-दराज के गांवों से आने वाले बच्चों के लिए कैंटीन तक की सुविधा नहीं है, जिससे उन्हें नाश्ते-पानी के लिए बाहर भटकना पड़ता है।

छात्रों ने मांग रखी है कि कॉलेज की लाइब्रेरी में हाई-स्पीड वाई-फाई लगाया जाए और पुरानी हो चुकी किताबों की जगह नए सिलेबस वाली किताबें लाई जाएं। साथ ही, लाइब्रेरी में बच्चों के बैठने की जगह भी बढ़ाई जाए। छात्रों का कहना है कि कॉलेज में एक हेल्प डेस्क (पूछताछ काउंटर) भी होना चाहिए, ताकि नए छात्रों को जानकारी के लिए इधर-उधर न दौड़ना पड़े।

एबीवीपी के पदाधिकारियों ने कॉलेज प्रशासन को साफ चेतावनी दी है कि उन्होंने 15 दिनों तक छात्रों से बात करके यह लिस्ट तैयार की है। अगर अगले 15 दिनों के अंदर इन 9 जरूरी मांगों को पूरा नहीं किया गया, तो परिषद कॉलेज के गेट पर ताला लगा देगी और बड़ा आंदोलन करेगी। इस प्रदर्शन में बड़ी संख्या में छात्र-छात्राएं मौजूद रहे।

ईओडब्ल्यू ने राइस मिलर समीर सचदेव, नान, मार्कफेड के अधिकारियों सहित 8 लोगों पर एफआईआर दर्ज की

नवभारत, बालाघाट। भ्रष्टाचार चाहे कितना भी चरम सीमा लांघे कभी न कभी उजागर होना स्वाभाविक होता है। यह इसलिए कह रहे हैं कि बालाघाट जिले में सरकारी धान की चोरी और हो रहे करोड़ों के भ्रष्टाचार पर संबंधित विभाग के अधिकारियों द्वारा पर्दा डालकर करोड़ों की चोरी को सालों से जिस तरह अंजाम दिया जा रहा था। अब उससे पर्दा उठाते हुए ईओडब्ल्यू जबलपुर ने राइज मिल संचालक समीर सचदेव और पिता प्रकाश सचदेव सहित आठ लोगों पर भ्रष्टाचार अधिनियम के तहत एफआईआर दर्ज कर ली है।

आर्थिक अपराध प्रकोष्ठ (ईओडब्ल्यू) जबलपुर ने सरकारी धान की कस्टम मिलिंग में बड़े पैमाने पर हुई धांधली का पर्दाफाश करते हुए मार्कफेड, नागरिक आपूर्ति निगम के अधिकारियों और राइस मिल संचालकों पर गंभीर धाराओं में एफआईआर दर्ज की है। आरोप है कि कस्टम मिलिंग के नाम पर करोड़ों रुपये की धोखाधड़ी की गई और शासन को भारी आर्थिक नुकसान पहुंचाया गया।

इन अधिकारियों और संचालकों पर गिरी ईओडब्ल्यू की गाज -समीर सचदेव, संचालक, सचदेव राइस मिल, कोसमी, बालाघाट। -प्रकाश सचदेव, प्रोप्राइटर, सचदेव राइस मिल, कोसमी बालाघाट। -हीरेंद्र सिंह रघुवंशी, तत्कालीन जिला विपणन अधिकारी, मार्कफेड बालाघाट। -विवेक तिवारी, वर्तमान जिला विपणन अधिकारी, मार्कफेड बालाघाट। -हरीश कोरी, उप प्रबंधक (वित्त), मार्कफेड बालाघाट। -अभिषेक निषाद, तत्कालीन उप प्रबंधक (वित्त), मार्कफेड बालाघाट। -पीयूष माली, तत्कालीन जिला प्रबंधक, मप्र स्टेट सिविल सप्लाई कॉर्पोरेशन, बालाघाट। -दुर्गेश बैस, कंप्यूटर ऑपरेटर (लेखापाल) (वित्त), मप्र स्टेट सिविल सप्लाई कॉर्पोरेशन।

शिकायतकर्ता मिलिंद ठाकरे ने 27 दिसंबर 2024 को ईओडब्ल्यू जबलपुर में शिकायत की थी कि मार्कफेड व नागरिक आपूर्ति निगम के अधिकारियों ने सचदेव राइस मिल संचालकों के साथ मिलकर शासकीय धान की मिलिंग में हेराफेरी की है एवं सरकारी धान को दूसरे राज्यों में बेचा गया है। शिकायत के आधार पर ईओडब्ल्यू ने जांच की और जांच के दौरान कई चौंकाने वाले तथ्य सामने आए।

2 अप्रैल 2024 को सचदेव राइस मिल से धान से भरे ट्रक संदिग्ध रूप से महाराष्ट्र की ओर जाते पकड़े गए। ट्रक चालकों और परिवहन दस्तावेजों की संयुक्त जांच में पुष्टि हुई कि इन वाहनों पर शासकीय धान ही लोड था। इन ट्रकों के ओवरलोड होने पर परिवहन विभाग ने जुर्माना भी लगाया था। जांच में यह भी सामने आया कि सचदेव राईस मिल द्वारा ट्रकों पर शासकीय धान लोड किया गया था, जबकि मिल मालिक ने झूठा दावा किया कि ट्रक गलती से महाराष्ट्र सीमा तक पहुंचे। राइस मिल के संचालक समीर सचदेव द्वारा अपने कथन में यह कहा था कि दोनों ट्रक ड्रायवर नींद में 20 किमी की दूरी पार कर बॉर्डर पर गलती से पहुंच गए, लेकिन जांच में यह दावा झूठा साबित हुआ। मिलिंद ठाकरे की शिकायत पर कलेक्टर कार्यालय द्वारा जांच टीम गठित की गई और सचदेव राइस मिल की जांच अनुविभागीय अधिकारी के साथ चार सदस्यों की टीम ने की थी। जांच रिपोर्ट में यह पाया गया था कि सचदेव राइस मिल द्वारा शासकीय धान की मिलिंग कम की गई है, जिसकी पुष्टि मिलिंग की गई बिजली खपत अनुपात से हुई है।

ब्राह्मण एकता परिषद ने मनाई चन्द्रशेखर आजाद की पुण्यतिथि, किया माल्यार्पण

नवभारत, बालाघाट। 27 फरवरी को दोपहर अखिल भारतीय ब्राह्मण एकता परिषद इकाई -बालाघाट द्वारा, ज़िलाध्यक्ष पंडित ब्रजेश तिवारी की अध्यक्षता मे अपने पूर्व तय कार्यकमानुसार बलिदान दिवस के अवसर पर स्थानीय हनुमानचौक मे शहीद चंद्रशेखर सीताराम तिवारी की 95 वी. पुण्यतिथि के उपलक्ष मे स्थापित प्रतिमा पर पूर्ण श्रद्धा व गरिमा के साथ दूध, दही, से जलाभिषेक किया गयाद्य ततपश्चायात माल्यार्पण कर पुष्प अर्पित करतें हुए उन्हें भाव-भीनी श्रद्धांजलि दी गयी, साथ हीं उनके बलिदान को स्मरण करते हुए उनके दिए संदेश सिद्धांत व आदर्शों पर चलने का संकल्प लिया गया द्य इस अवसर पर संगठन द्वारा नगर पालिका, जिला प्रशासन, व कवरेज करने वाले मिडिया पत्रकारों से प्राप्त मिले सहयोग की प्रशांसा भी की गयी द्य इस कार्यक्रम मे संगठन के प्रदेश प्रांतीय सचिव पंडित श्री रविशंकर दुबे,संभागीय महिला अध्यक्ष श्रीमती सरला दुबे , प्रांता सचिव एवं पूर्व ज़िलाध्यक्ष पंडित रवि शंकर दुबे, नव नियुक्त जिला-अध्यक्ष पंडित विकास हजारी , संभागीय संरक्षक श्रीमती शांता तिवारी जिला संगठन व संरक्षक महा सचिव श्रीमती निर्मला त्रिपाठी ,संगठन की उपाध्यक्ष श्रीमती उषा मिश्रा, संयोजका कीर्ति तिवारी , श्रीमती रेखा दुबे श्रीमती रेखा शुक्ला , पूर्व जिला संयोजक पंडित ललित दुबे , जिला सचिव व उपाध्यक्ष पंडित आशीष शुक्ला , न्याय प्रकोष्ठ अध्यक्ष पंडित ब्रजेश मिश्रा , जिला उपाध्यक्ष पंडित मोहित दुबे , पंडित संजय शुक्ला , पंडित राहुल दुबे , आदरणीय पंडित उमाशंकर मिश्रा , पंडित चंदशेखर शुक्ला , पलाष शुक्ला , गौरव जी, श्रीमती रेखा दुबे ,श्रीमती सुनीता मिश्रा ,श्रीमती क्षमता पांडे ,सताक्षी पांडे, मौर्य पांडे सहित संगठन के सभी सदस्य व शहर वरिष्ठ जन उपस्थित हुए।

34 कम्पोजिट मदिरा दुकानों के निष्पादन के लिए 2 मार्च तक ई-टेण्डर आंमत्रित

बालाघाट। राज्य शासन के द्वारा वर्ष 2026-27 (01 अप्रैल, 2026 से 31 मार्च, 2027) तक की अवधि के लिये बालाघाट जिले की समस्त 102 कम्पोजिट मदिरा दुकानों के पुर्नगठित कुल-26 समूहों में से प्रथम चरण के लिए ई-आबकारी पोर्टल के फाईनल रेण्डमाइजेशन अनुसार प्रथम बैच में 34 कम्पोजिट मदिरा दुकानों के पुर्नगठित 09 मदिरा समूहों को वर्तमान वर्ष 2025-26 के वार्षिक मूल्य में 20 प्रतिशत की वृद्धि कर निर्धारित आरक्षित मूल्य पर ई-टेण्डर (ई-टेण्डर एवं ई-टेण्डर कम ऑक्शन) के माध्यम से निष्पादन किया जाना है। एम.पी. टेण्डर्स के पोर्टल ऑनलाईन ई-टेण्डर प्रपत्रों का विक्रय दिनांक 27 फरवरी, 2026 से प्रारंभ हो गया है। जिला आबकारी अधिकारी श्री अजित एक?का ने बताया कि ई-टेण्डर (ई-टेण्डर एवं ई-टेण्डर कम ऑक्शन) के लिये निर्धारित आवेदन पत्र एवं प्रक्रिया की जानकारी प्राप्त कर सकते है।

पीजी कॉलेज में राष्ट्रीय गीत 'वंदे मातरम' का सामूहिक गायन

नवभारत, बालाघाट। राष्ट्रगीत 'वंदे मातरम' के गायन एवं वादन के दौरान उचित शिष्टाचार का पालन तथा राष्ट्रीय गीत के प्रति सम्मान सुनिश्चित करने के उद्देश्य से 27 फरवरी को प्रधानमंत्री एक?सीलेंस शासकीय जटाशंकर त्रिवेदी स?नातकोत?तर महाविद्यालय बालाघाट (पीजी कॉलेज) में एक प्रेरणादायी कार्यक्रम का आयोजन किया गया।

भारतीय ज्ञान परम्परा प्रकोष्ठ के तत्वावधान में तथा महाविद्यालय के प्राचार्य डॉ. अशोक कुमार मराठे के मार्गदर्शन में आयोजित इस कार्यक्रम में राष्ट्रगीत 'वंदे मातरम' का सामूहिक एवं अनुशासित गायन किया गया। कार्यक्रम में सभी अधिकारी, कर्मचारी एवं छात्र-छात्राएं पूर्ण उत्साह और गरिमा के साथ उपस्थित रहे। सामूहिक स्वर में गूंजते 'वंदे मातरम' ने पूरे वातावरण को देशभक्ति और राष्ट्रीय गर्व की भावना से ओतप्रोत कर दिया।

इस अवसर पर राष्ट्रगीत के गायन के दौरान पालन किए जाने वाले शिष्टाचार, मर्यादा एवं सम्मान के विषय में आवश्यक मार्गदर्शन भी प्रदान किया गया। विद्यार्थियों को राष्ट्रीय प्रतीकों के महत्व और उनके प्रति कर्तव्यबोध की जानकारी दी गई। महाविद्यालय प्राचार्य डॉ. मराठे ने कहा कि इस प्रकार के आयोजन न केवल राष्ट्रप्रेम को सुदृढ़ करते हैं, बल्कि युवा पीढ़ी में अनुशासन, संस्कार और भारतीय सांस्कृतिक मूल्यों के प्रति आस्था को भी मजबूत बनाते हैं। कार्यक्रम का समापन राष्ट्र के प्रति समर्पण और एकता के संकल्प के साथ हुआ।

बालाघाट तहसील के पटवारियों के हल्के में किया गया परिवर्तन

बालाघाट। एसडीएम बालाघाट गोपाल सोनी ने प्रशासनिक कार्य व्यवस्था की दृष्टि से राजस्व अनुविभाग बालाघाट के अंतर्गत बालाघाट तहसील के पटवारियों के हल्के में परिवर्तन किया है। जिसके अनुसार हल्का नं.61 गोंगलई एवं 62 नवेगांव के पटवारी नलिन बिसेन को हल्का नं. 54 कुम्हारी, हल्का नं. 54 कुम्हारी की पटवारी श्रीमती पूजा मार्को को हल्का नं. 76 परासपानी, हल्का नं. 76 परासपानी के पटवारी आदित्य बिसेन को हल्का नं. 61 गोंगलई व 62 नवेगांव, हल्का नं. 37 मानेगांव के पटवारी देवेंद्र चतुर्वेदी को हल्का नं. 65 देवरी एवं हल्का नं.65 देवरी के पटवारी पंकज बिसेन को हल्का नं. 37 मानेगांव में पदस्थ किया गया है। यह आदेश तत्काल प्रभावी हो गया है।

शिविर में 187 लर्निंग लायसेंस बनाये गए

संकल्प से समाधान अभियान

नवभारत, बालाघाट। संकल्प से समाधान अभियान के अंतर्गत पात्र लोगो के 20 विभागों की 106 सेवाओं का लाभ देने के लिए ग्रामीण एवं नगरीय क्षेत्रों में शिविर लगाये जा रहे है। लालबर्रा विकासखंड के अंतर्गत लगाये गए शिविरों में ड्राईविंग लायसेंस के लिए प्राप्त आवेदनों का निराकरण करने जिला परिवहन कार्यालय द्वारा ग्राम बम्हनी एवं नेवरगांव (वा) में 26 फरवरी को शिविर लगाया गया। जिला परिवहन अधिकारी श्री अनिमेष गढपाल ने बताया कि बम्हनी शिविर में 93 लर्निंग लायसेंस तथा नेवरगांव (वा) शिविर में 94 लर्निंग लायसेंस बनाये गए है।

इसी प्रकार अन्य स्थानों पर शिविर लगाकर प्राप्त आवेदनों का निराकरण कर आवेदकों के लर्निंग लायसेंस बनाये जाएंगे।

28 फरवरी से 1 मार्च तक लगेगा आजीविका होली मेला

तुरकर भवन में प्रात: 11 बजे से रात्रि 9 बजे तक आमजन के लिए खुला रहेगा मेला

नवभारत, बालाघाट। होली पर्व के अवसर पर मध्यप्रदेश राज्य ग्रामीण आजीविका मिशन के अंतर्गत बालाघाट में दो दिवसीय 'आजीविका होली मेला' का आयोजन किया जा रहा है। यह मेला 28 फरवरी 2026 से 1 मार्च 2026 तक आयोजित होगा। बालाघाट जिला प्रशासन, जिला पंचायत एवं आजीविका मिशन के संयुक्त तत्वावधान में इस मेले का आयोजन किया जा रहा है।

आजीविका होली मेले का आयोजन अम्बेडकर चौक स्थित तुरकर भवन, बालाघाट में किया जाएगा। मेला प्रतिदिन सुबह 11:00 बजे से रात्रि 9:00 बजे तक आमजन के लिए खुला रहेगा। इस मेले में स्व-सहायता समूहों की दीदियों द्वारा तैयार किए गए प्राकृतिक गुलाल एवं विभिन्न स्थानीय उत्पादों का प्रदर्शन एवं विक्रय किया जाएगा। प्राकृतिक रंगों के उपयोग को बढ़ावा देने तथा 'वोकल फॉर लोकल' की भावना को सशक्त करने के उद्देश्य से यह आयोजन विशेष रूप से किया जा रहा है।

मेले में आजीविका उत्पादों के अंतर्गत पारंपरिक मिठाइयाँ, मिलेट अर्थात मोटे अनाज कोदो-कुटकी, रागी के व्यंजन, खाद्य सामग्री, हस्तनिर्मित खाद्य सामग्री, जैविक उत्पाद एवं अन्य ग्रामीण उत्पाद आकर्षण का केंद्र रहेंगे। आयोजन का मुख्य उद्देश्य ग्रामीण महिलाओं को आर्थिक रूप से सशक्त बनाना एवं उनके उत्पादों को बाजार उपलब्ध कराना है।

जिला प्रशासन बालाघाट ने आम नागरिकों से अपील की है कि वे अधिक से अधिक संख्या में मेले में पहुंचकर ग्रामीण महिलाओं का उत्साहवर्धन करें तथा स्थानीय उत्पादों की खरीद कर उनकी आजीविका को मजबूत बनाने में सहयोग प्रदान करें।

त्यौहारों के मद्देनजर खाद्य प्रतिष्ठानों का सघन निरीक्षण

12 नमूने जांच हेतु प्रयोगशाला भेजे गए

नवभारत, बालाघाट। त्यौहारों को ध्यान में रखते हुए कलेक्टर श्री मृणाल मीना के निर्देशानुसार खाद्य सुरक्षा प्रशासन बालाघाट द्वारा जिले में होटल, रेस्टोरेंट, मिठाई दुकानों, डेयरी एवं बेकरी प्रतिष्ठानों का निरंतर निरीक्षण किया जा रहा है।

इसी क्रम में खाद्य सुरक्षा अधिकारियों की टीम ने 27 फरवरी को बालाघाट में कृष्णा डेयरी गली स्थित कृष्णा डेयरी, अरिहंत डेयरी, शिवा डेयरी एवं दमाहे डेयरी से दूध, दही, पनीर एवं खोवा आदि के नमूने गुणवत्ता जांच के लिए एकत्र किये। साथ ही माधुर कलश स्वीट्स, बुरहानपुर जलेबी, असाटी मिष्ठान, कांति स्वीट्स, पंजाब स्वीट्स तथा वैशाली राजपुरोहित स्वीट्स से कुंदा, दही पेड़ा, कलाकंद सहित विभिन्न मिष्ठान्नों के कुल 12 नमूने लेकर राज्य खाद्य प्रयोगशाला भेजे गए हैं।

निरीक्षण के दौरान प्रतिष्ठानों को साफ-सफाई का विशेष ध्यान रखने तथा त्यौहारों के दौरान केवल गुणवत्ता युक्त एवं मानक अनुरूप खाद्य सामग्री का ही विक्रय सुनिश्चित करने के निर्देश दिए गए। अधिकारियों ने स्पष्ट किया कि खाद्य सुरक्षा मानकों का उल्लंघन पाए जाने पर खाद्य सुरक्षा एवं मानक अधिनियम के अंतर्गत कड़ी कार्रवाई की जाएगी। कार्रवाई के दौरान खाद्य सुरक्षा अधिकारी योगेश डोंगरे, वाजिद मोहिब एवं गीता टांडेकर उपस्थित रहे। खाद्य सुरक्षा प्रशासन ने आमजन से अपील की है कि वे खाद्य सामग्री खरीदते समय गुणवत्ता का ध्यान रखें तथा किसी भी प्रकार की शिकायत होने पर संबंधित विभाग को सूचित करें।

देशभक्त चंद्रशेखर आजाद का जीवन त्याग, साहस और अदम्य आत्मसम्मान का अनुपम उदाहरण : राजेश पाठक

नवभारत, बालाघाट। वीर पराक्रमी तिवारी की 27 फरवरी को 95वीं पुण्यतिथि के अवसर पर हनुमान चौक स्थित उनकी प्रतिमा पर माल्यार्पण कर भावभीनी श्रद्धांजलि अर्पित की गई। इस अवसर पर जिला सर्व ब्राह्मण समाज के अध्यक्ष राजेश पाठक के नेतृत्व में उपस्थितजनों ने आजाद के नाम के उदघोष लगाए और उनके अद्वितीय योगदान का स्मरण किया। कार्यक्रम में आदित्य पंडित, मुकेश तिवारी, नंदकिशोर दुबे, निशांत मिश्रा, जे.बी. मिश्रा, अन्नपूर्णा तिवारी, रमेश दीक्षित, सुधीर पांडे, पप्पू यादव सहित अनेक गणमान्य नागरिक उपस्थित रहे।

श्रद्धांजलि सभा को संबोधित करते हुए जिला सर्व ब्राह्मण समाज के अध्यक्ष राजेश पाठक ने कहा कि देशभक्त चंद्रशेखर आजाद का जीवन त्याग, साहस और अदम्य आत्मसम्मान का अनुपम उदाहरण है। भारत को अंग्रेजों की दासता से मुक्त कराने के लिए जिन सैकड़ों बलिदानियों ने अपने प्राणों की आहुति दी, उनमें आजाद का नाम स्वर्ण अक्षरों में अंकित है। उनके साहस, संगठन क्षमता और राष्ट्रनिष्ठा पर संपूर्ण समाज को गर्व है।

उन्होंने कहा कि आजाद केवल एक क्रांतिकारी नहीं, बल्कि भारत की स्वतंत्रता चेतना के सशक्त प्रतीक थे। युवावस्था में ही उन्होंने संकल्प लिया था कि वे ब्रिटिश शासन की दासता को कभी स्वीकार नहीं करेंगे और अंतिम सांस तक मातृभूमि की स्वतंत्रता के लिए संघर्षरत रहेंगे। उन्होंने अपने नाम के अनुरूप स्वयं को 'आजाद' घोषित किया और अंग्रेजों के हाथ जीवित न पकड़े जाने की प्रतिज्ञा को निभाते हुए राष्ट्र के लिए सर्वोच्च बलिदान दिया।

राजेश पाठक ने आगे कहा कि आज के युवाओं को चंद्रशेखर आजाद के जीवन से प्रेरणा लेकर राष्ट्रहित को सर्वोपरि रखने का संकल्प लेना चाहिए। देशभक्ति केवल शब्दों में नहीं, बल्कि आचरण और कर्तव्यनिष्ठा में दिखाई देनी चाहिए। उनके आदर्श हमें एकता, नैतिक मूल्यों और सामाजिक समरसता की राह दिखाते हैं। अंत में उपस्थितजनों ने दो मिनट का मौन रखकर वीर क्रांतिकारी को श्रद्धांजलि अर्पित की और उनके बताए मार्ग पर चलने का संकल्प लिया।

पहाड़ी में मिला नर कंकाल

जबलपुर। मझोली थाना अंतर्गत बर्रा धाम के पीछे पहाडी में एक नर कंकाल मिलने से सनसनी फैल गई। प्रारंभिक जांच में यह बात सामने आ रही है कि पिछले साल गायब हुए युवक का कंकाल है। फिलहाल सूचना मिलते ही पुलिस मौके पर पहुंच गई और मर्ग कायम कर जांच शुरू कर दी है। पुलिस ने बताया कि आकाश ठाकुर 24 वर्ष निवासी नदी मोहल्ला इंद्राना ने सूचना दी कि उसके छोटे भाई लखन ठाकुर 21 वर्ष माह अक्टूबर में कहीं चला गया था जिसकी सूचना 25 अक्टूबर 25 को थाना मझोली में दिया था जिस पर गुमइंसान कायम कर जांच में लिया गया था। गुरूवार को भाई आकाश ठाकुर का कंकाल रूपी शव बर्रा धाम के पीछे पहाडी में हरदुआ के पेड मे फांसी पर लटका मिला है। पुलिस ने मर्ग कायम कर जांच शुरू कर दी है।

चंद्रशेखर आजाद की जयंती मनाई गई

नवभारत कटंगी 27 फरवरी। कटंगी विकासखंड अंतर्गत महकेपार सेक्टर क्रमांक 5 ग्राम अम्बेझरी में जन अभियान परिषद एवं युवा शक्ति संगठन द्वारा क्रांतिकारी शहीद चंद्रशेखर आजाद की पुण्यतिथि मनाई गई।

विदित हो कि कटंगी क्षेत्र में चंद्रशेखर आजाद जी की एकमात्र प्रतिमा ग्राम अंबेझरी में स्थित है, उसी प्रतिमा के समक्ष माल्यार्पण एवं पुष्प अर्पित कर उनका बलिदान दिवस मनाया गया एवं नशा मुक्ति को लेकर संगोष्ठी की गई। युवाओं के प्रेरणा स्रोत और आजादी दिलाने में अहम भूमिका निभाने वाले चंद्रशेखर आजाद को स्मरण किया गया।

इनकी रही उपस्थिति

कार्यक्रम में मुख्य अतिथि अनुविभागीय अधिकारी कैलाश चन्द्र ठाकुर, तिरोडी तहसीलदार गीता राहंगडाले, मुख्य कार्यपालन अधिकारी गायत्री सारथी जनपद, जिला समन्वयक सुशील बर्मन, विकासखण्ड समन्वयक दिपक पुष्पतोड़े, राजेश तुमडाम, सुभाष बेले, राजू सहारे, राजू लौटीकर, युवराज मुर्खे नवांकुर संस्था अध्यक्ष, अवलेश पारधी, सुखदेव सलामे पूर्व सरपंच, मीना तुमडाम उपसरपंच, नारायण गौपाले, विकेश पुष्पतोड़े, उमराव लोखण्डे, मनीराम पुष्पतोड़े, महादेव झोडे आदि उपस्थिति रहे।